डीएम व एसपी ने पुलिस बल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

डीएम व एसपी ने जिम्मेदारी से दायित्वों का निर्वहन करने के दिए निर्देश

डेली न्यूज नेटवर्क

श्रावस्ती। जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा व पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न करने हेतु रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा से जनपदीय पुलिस बल को हरी झंडी दिखाकर, प्रथम चरण चुनाव हेतु कुल उप निरीक्षक- 16, मुख्य आरक्षी/आरक्षी-122 वाह्य जनपद मेरठ के लिए रवाना किया गया। पुलिस बल को लेकर जा रहे वाहनों में चिकित्सा किट, पर्याप्त मात्रा में पानी व ओआरएस घोल उपलब्ध कराया गया तथा समस्त पुलिस कर्मियों को लंच पैकट प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी पुलिस कर्मियों को टीम भावना के साथ समन्वय बनाकर सौंपे गये दायित्यों का ईमान्दारी पूर्वक निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया तथा यह भी बताया कि सभी कर्मचारी गण भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप धैर्य, गंभीरता एवं भय मुक्त होकर अपने कर्तव्यों का पालन करेगें। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारी किसी भी पार्टी अथवा उम्मीदवार की तरफसे उपलब्ध कराए गए चाय व भोजन को स्वीकार नही करेंगे। मतदान के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना व मतदान केंद्र की सुरक्षा को सुनिश्चित करना पुलिस का कर्तव्य है। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों को आयोग की गाईडलाइन का पालन करते हुए अनुशासन व कर्तव्य निष्ठा से ड्यूटी निभाने की नसीहत दी तथा मतदान के दौरान शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु निर्देश दिया। चुनाव के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। जिससे दूसरे जिले में श्रावस्ती पुलिस की छवि खराब हो।

मतदान के दौरान अगर किसी भी बूथ पर किसी तरह का विवाद होने की संभावना हो तो संबंधित अधिकारियों व टीम इंचार्ज को तुरंत सूचना दें, ताकि स्थिति पर समय रहते काबू पाया जा सके। सभी पुलिस कर्मियों का दायित्व है कि चुनाव हर हाल में स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुरक्षित एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराएंगे। जिससे प्रत्येक मतदाता बिना किसी दबाव अथवा भय के अपना मत स्वेच्छा से डाल सके। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सन्दीप वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक चुनाव सेल गौरव सिंह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।